Roll No. ....

D–3391

M. A. (Final) EXAMINATION, 2020

HINDI

Paper Tenth

(पत्रकारिता प्रशिक्षण)

Time : Three Hours] [*Maximum Marks : 100*

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. पत्रकारिता को परिभाषित करते हुए उसके विविध आयामों पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

संपादन-कला के सामान्य सिद्धान्तों का विवेचन कीजिए।

2. समाचार-पत्रों के विभिन्न स्तम्भों की योजना को समझाइए। 15

अथवा

पत्रकारिता से सम्बन्धित लेखन पर एक निबन्ध लिखिए।

3. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की पत्रकारिता के स्वरूप और महत्व को स्पष्ट कीजिए। 15

अथवा

मुक्त प्रेस की अवधारणा का विवेचन कीजिए।

4. सूचना प्रौद्योगिकी के पत्रकारिता में प्रयोग और प्रभाव की समीक्षा कीजिए। 15

अथवा

प्रेस आचार संहिता के प्रावधानों की समीक्षा कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणियाँ लिखिए : प्रत्येक 4

(i) विश्व पत्रकारिता का उद्‌भव।

(ii) समाचार संकलन की कला।

(iii) शीर्षक लेखक के गुण।

(iv) फोटो पत्रकारिता।

(v) संपादकीय लेखन का महत्व।

(vi) इंटरनेट की पत्रकारिता।

(vii) मानव अधिकारों का महत्व।

(viii) विज्ञापन की आवश्यकता और महत्ता।

6. निम्नांकित में से किन्हीं **बीस** प्रश्नों के वस्तुनिष्ठ (अति संक्षिप्त) उत्तर दीजिए : प्रत्येक 1

(i) पत्रकारिता को अंग्रेजी में क्या कहते हैं ?

(ii) पत्रकारिता के कोई **दो** प्रकार लिखिए।

(iii) किन्हीं **दो** बाल पत्रिकाओं के नाम लिखिए।

(iv) किसी **एक** रोजगार पत्रिका का नाम लिखिए।

(v) आधुनिक मुद्रण कला के आविष्कारक कौन हैं ?

(vi) पत्रकारिता के **दो** अन्य नाम लिखिए।

(vii) भारत में प्रेस की स्थापना कब हुई ?

(viii) जेम्स ऑगस्ट हिक्के कौन थे ?

(ix) हिन्दी का पहला पत्र कौन-सा था ?

(x) वाकयानवीस से आप क्या समझते हैं ?

(xi) 'संवाद कौमुदी' के संपादक-संस्थापक कौन थे ?

(xii) 'बंगवासिनी' के संपादक कौन थे ?

(xiii) समाचार के सूत्रपात का तकनीकी नाम क्या है ?

(xiv) संवाददाताओं के आदिपुरुष किन्हें कहा जाता है ?

(xv) कपाली शीर्षक क्या है ?

(xvi) भारत में सबसे पहले कौन-सी समाचार एजेंसी स्थापित हुई ?

(xvii) पाठक किस पृष्ठ को पढ़कर अपनी धारणा बनाते हैं ?

(xviii) 'फॉलोअप' शब्द का समाचार के सन्दर्भ में क्या अर्थ है ?

(xix) भारत में इंटरनेट सेवाएँ कब प्रारम्भ हुईं ?

(xx) वेबसाइट का अर्थ क्या है ?

(xxi) लाइनर रिपोर्टर किन्हें कहा जाता है ?

(xxii) समाचार-पत्र में आय का प्रमुख साधन क्या है ?

(xxiii) "मनुष्य स्वतंत्र रूप से पैदा हुआ है, किन्तु वह सर्वत्र शृंखलाओं से आबद्ध है।" यह कथन किसका है ?

(xxiv) जनसम्पर्क का अर्थ क्या है ?

(xxv) आकाशवाणी की प्रसारण सेवा कितने चैनल द्वारा होती है ?

(xxvi) किसी **एक** साहित्यिक पत्रिका का नाम लिखिए।

(xxvii) छत्तीसगढ़ से प्रकाशित किन्हीं **दो** हिन्दी अखबारों के नाम लिखिए।

(xxviii) पी. टी. आई. का पूरा रूप लिखिए।